gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

15th - 21st अगस्त 2019

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

15-21 अगस्त 2019

महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व मानवता दिवस (WHD) दुनिया भर में प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**19 अगस्त।**

   नोट:

   - यह दिवस मानवतावादी कर्मियों और मानवीय कारणों हेतु अपने जीवन का बलिदान देने वाले लोगों के काम के सम्मान में मनाया जाता है।
   - यह दिवस उस भावना का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है जो दुनिया भर में मानवीय कार्य को प्रेरित करती है।
   - वर्ष 2019 के विश्व मानवतावादी दिवस का विषय 'Women Humanitarians' है।

2. **विश्व फोटोग्राफी दिवस** विश्व भर के फोटोग्राफरों प्रेरित करने के लिए कब मनाया जाता है_____**19 अगस्त।**

   नोट:

   - इस दिन, फोटोग्राफर सामने आने वाली विभिन्न प्रकार की फोटोग्राफी का संग्रह करते हैं।
   - 19 अगस्त, 2010 को, विश्व फोटो दिवस ने अपनी पहली वैश्विक ऑनलाइन गैलरी आयोजित की।

3. सद्भावना दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___ **20 अगस्त।**

   नोट:

   - इस वर्ष राजीव गांधी की 75वीं जयंती होगी।
   - यह दिवस सभी धर्मों के भारतीयों के बीच राष्ट्रीय एकता, शांति, प्रेम और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है।
   - श्री राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त, 1944 को बॉम्बे में हुआ था।

4. विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___**21 अगस्त।**

   नोट:

   - विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस का मुख्य उद्देश्य वृद्ध नागरिकों की दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बुढ़ापे की प्रक्रिया के दौरान उनकी सहायता करना है।
   - यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 14 दिसंबर, 1990 को घोषित किया गया था।

5. **आतंकवाद पीड़ितों का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण एवं श्रद्धांजलि दिवस** मनाया जाता है_____**21 अगस्त।**

   नोट:

   - आतंकवाद पीड़ितों का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण एवं श्रद्धांजलि दिवस वर्ष 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था।
   - सिर्फ वर्ष 2017 में, आतंकवाद से होने वाली सभी मौतों में से लगभग तीन-चौथाई केवल पांच देशों: अफगानिस्तान, इराक, नाइजीरिया, सोमालिया और सीरिया में थीं।
   - इस दिवस का उद्देश्य आतंकवाद पीड़ितों को उनकी जरूरतों में सहायता प्रदान करना और उनके अधिकारों का समर्थन करना है।

नई नियुक्तियां

1. पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ऑलराउंडर जिन्हें लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया ___ **रवि शास्त्री।**

नोट:

- तीन सदस्यीय (कपिल देव, अंशुमान गायकवाड़ और शांता रंगास्वामी) क्रिकेट सलाहकार समिति ने घोषणा की।
- शास्त्री का नया कार्यकाल वर्ष 2021 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले T-20 विश्व कप तक बढ़ा दिया गया है।
- इस पद के लिए प्रतियोगिता में कुल छह उम्मीदवार रॉबिन सिंह, लालचंद राजपूत, माइक हेसन, टॉम मूडी, फिल सिमंस और रवि शास्त्री शामिल थे।

2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के निदेशक के पद पर किन्हें नियुक्त किया गया ___ **हर्षद पांडुरंग ठाकुर।**

नोट:

- हर्षद पांडुरंग ठाकुर टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (TISS), मुंबई में प्रोफेसर हैं।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन NIHFW, देश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए एक शीर्ष तकनीकी संस्थान के साथ-साथ एक विचार मंच के रूप में भी कार्य करता है।

3. पेटीएम ने अपने CFO **मधुर देवड़ा** को किस पद पर पदोन्नत किया है _____**कंपनी के अध्यक्ष।**

नोट:

- पेटीएम में शामिल होने (वर्ष 2016) से पूर्व, श्री देवड़ा ने न्यूयॉर्क, लंदन और मुंबई में सिटीग्रुप के निवेश बैंकिंग व्यवसाय में प्रबंध निदेशक (MD) के रूप में कार्य किया है।
- पेटीएम ने हमारे देश में भुगतान जीवन शैली और वित्तीय सेवा ऐप बनाकर पिछले 3 वर्षों में 20 गुना से अधिक विकास किया है।
- पेटीएम की स्थापना अगस्त 2010 में इसके संस्थापक विजय शेखर शर्मा द्वारा 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रारंभिक निवेश के साथ की गई थी।

4. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रधान मंत्री **मनमोहन सिंह** को कहां से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया _____**राजस्थान।**

नोट:

- जून में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल सैनी के निधन के बाद राजस्थान से राज्यसभा की एक सीट के लिए चुनाव हुआ था।
- इसके साथ ही मनमोहन सिंह राजस्थान के 10 राज्यसभा सदस्यों में से एकमात्र कांग्रेस उम्मीदवार बन गए।

5. पाकिस्तान के प्रधान मंत्री इमरान खान ने किस पाकिस्तानी सेना प्रमुख के कार्यकाल में अगले तीन वर्ष के विस्तार को मंजूरी दी _____ **जनरल क़मर जावेद बाजवा।**

नोट:

- क़मर बाजवा को नवंबर 2016 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ ने पाकिस्तानी सेना का प्रमुख नियुक्त किया था।
- क्षेत्रीय सुरक्षा के माहौल को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।
- पाकिस्तान सेना में थल सेनाध्यक्ष एक सैन्य नियुक्ति और वैधानिक पद है जिसे चार स्टार रैंक के सेना प्रमुख द्वारा धारण किया जाता है।

6. आइडिया-वोडाफोन के MD और CEO के पद पर तत्काल प्रभाव से किन्हें नियुक्त किया गया___**रविंदर टक्कर।**

नोट:

- उन्होंने वोडाफोन आइडिया (VIL) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद से इस्तीफे देने वाले बालेश शर्मा की जगह ली।
- वर्तमान में, श्री टक्कर वोडाफोन आइडिया और इंडस टावर्स के बोर्ड सदस्य हैं, जहां वे भारत में वोडाफोन ग्रुप के सभी हितों के प्रति उत्तरदायी हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने स्वतंत्रता दिवस के अपने लगातार छठे भाषण में, देश को कहां से संबोधित किया _____ **लाल किले।**

नोट:

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर एक चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) की नियुक्ति की घोषणा की, जो तीनों सेना प्रमुखों से श्रेष्ठ होगा।
- CDS सरकार के लिए एक सूत्री सैन्य सलाहकार होगा और तीनों सेनाओं के लिए दीर्घकालिक नियोजन, खरीद, प्रशिक्षण और रसद का समन्वय करेगा।
- CDS लेफ्टिनेंट जनरल डी.बी शेखतकर (सेवानिवृत्त) समिति की 99 सिफारिशों में से एक है जिन्होंने दिसंबर, 2016 में अपनी रिपोर्ट पेश की।

2. अंतर-राज्य परिषद का पुनर्गठन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री होंगे _____**अध्यक्ष।**

नोट:

- **अंतर-राज्य परिषद** (राज्यों के बीच विवादों की जांच और सलाह देने के लिए अनिवार्य) को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता और छह केंद्रीय मंत्रियों एवं सभी मुख्यमंत्रियों के सदस्यों के रूप में पुनर्गठित किया गया है।
- केंद्रीय मंत्री जो पुनर्गठित परिषद के सदस्य होंगे, वे अमित शाह (गृह), निर्मला सीतारमण (वित्त), राजनाथ सिंह (रक्षा), नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री) हैं।

3. किसानों को स्थानीय भाषाओं में मौसम-आधारित कृषि पर स्थान और फसल एवं पशुधन सलाह प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया मोबाइल ऐप ___ **मेघदूत।**

नोट:

- प्रारंभ में यह सेवा देश के विभिन्न भागों में 150 जिलों के लिए उपलब्ध होगी।
- मंत्रालय किसानों को तापमान, वर्षा, आर्द्रता, और वायु गति और दिशा से संबंधित पूर्वानुमान प्रदान करेगा।
- यह भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है।

4. देश भर में अपनी भारत **उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल** (IHCI) का विस्तार करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर कार्य करने का फैसला किसने किया___ **भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)।**

नोट:

- यह पहल नवंबर, 2017 में शुरू की गई थी, जिसमें पंजाब, मध्य प्रदेश, केरल, तेलंगाना और महाराष्ट्र के 25 चुनिंदा जिलों में उच्च रक्तचाप से पीड़ित तीन लाख से अधिक रोगियों ने सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीकरण कराया था।

- विस्तार से अगले चार वर्षों में 15 करोड़ से अधिक आबादी के लिए उच्च रक्तचाप के उपचार के कार्यान्वयन में तेजी आने की उम्मीद है।

5. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने कहां पर राजभवन में भूमिगत **'बंकर संग्रहालय'** का उद्घाटन किया _____ **मुंबई।**

नोट:

- 'बंकर संग्रहालय' में आगंतुकों को 19वीं शताब्दी की जानकारी देने के लिए कल्पित वास्तविकता वाले कक्ष हैं, ये बंकर 19वीं शताब्दी में समीप आते दुश्मन के जहाजों पर तोप चलाने के लिए बनाए गए थे।
- राष्ट्रपति ने राजभवन में **'जल किरण'** नामक राष्ट्रपति अतिथि गृह का भी उद्घाटन किया, जो राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की मुंबई की यात्रा के दौरान उनके आवास के रूप में कार्य करेगा।
- इस अवसर पर, राष्ट्रपति कोविंद ने महाराष्ट्र के राज्यपाल के कार्यालय एवं निवास स्थान **'जल भूषण'** के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी।

6. भारत को किसके द्वारा तैयार की गई अपनी पहली **नेशनल इसेन्शियल डायग्नोस्टिक्स लिस्ट** (NEDL) प्राप्त हुई _____ **भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)।**

नोट:

- इस सूची का उद्देश्य उस मौजूदा नियामक प्रणाली के अंतर को मिटाना है जिसमें सभी चिकित्सा उपकरण और इन-विट्रो डायग्नोस्टिक डिवाइस (IVD) शामिल नहीं हैं।
- यह सख्त राष्ट्रीय पूर्व-योग्यता विनिर्देशों और प्रक्रियाओं का निर्माण करेगी, जो संसाधित कृत्रिम प्रणाली में नए निदान तक पहुंच में सुधार के साथ-साथ अच्छी गुणवत्ता वाले सुरक्षित, प्रभावी, सस्ते परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं।

7. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री **रमेश पोखरियाल 'निशंक'** ने कहां पर **अध्यापक शिक्षा पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** का उद्घाटन किया _____ **नई दिल्ली।**

नोट:

- राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 1995 में अपनी स्थापना के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- श्री निशंक के अनुसार, भारत शिक्षा और अध्यापक तैयारी में नेतृत्व के लिए पारंपरिक रूप से जाना जाता है।
- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय देश भर में 42 लाख स्कूल अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए 22 अगस्त को अध्यापक प्रशिक्षण हेतु दुनिया की सबसे बड़ी योजना शुरू करेगा।

8. भारत का पहला **केंद्रीय रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान** (CICET) कहां स्थापित किया जाएगा _____**गुजरात।**

नोट:

- CICET की स्थापना अहमदाबाद या सूरत में की जाएगी।
- रासायनिक एवं उर्वरक राज्य मंत्री ने आदिवासी छात्रों और प्लास्टिक उद्योग के लाभार्थ हेतु 54 करोड़ रुपये की लागत से वलसाड में केंद्रीय प्लास्टिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (CIPET) के एक अन्य परिसर की स्थापना की भी घोषणा की।

9. रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोनल कार्यालयों को कब से सभी स्टेशनों में प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लागू करने को कहा है _____ **2 अक्टूबर, 2019।**

नोट:

- जारी किए गए परिपत्र के अनुसार, सभी जोनल रेलवे कार्यालय एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू करेंगे।
- कर्मचारियों को संभव परिस्थितियों में सस्ते दोबारा इस्तेमाल के योग्य प्लास्टिक बैग का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और अधिकांश मामलों में प्लास्टिक बैग को अस्वीकार करना चाहिए।
- IRCTC को पेय जल की प्लास्टिक की बोतलों की वापसी प्रक्रिया लागू करना चाहिए और जितनी जल्दी हो सके प्लास्टिक की बोतल नष्ट करने वाली मशीनों की खरीद की जानी चाहिए।

10. **विप्रो लिमिटेड** ने स्वायत्त प्रणालियों, रोबोटिक्स और 5G स्पेस में उन्नत प्रायौगिक अनुसंधान हेतु किसकी स्थापना के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु के साथ रणनीतिक साझेदारी की _____ **WIRIN।**

नोट:

- इस उद्देश्य से, दोनों संगठनों ने साथ मिलकर विप्रो IISc रिसर्च एंड इनोवेशन नेटवर्क (WIRIN) को एक उद्योग अकादमी सहकार्यता इकाई के रूप में स्थापित किया है।
- वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, विजुअल कंप्यूटिंग, ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन (HCI) और व्हीकल-टू-एवरीथिंग कम्युनिकेशन (V2X) में अत्याधुनिक तकनीकों के अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

11. रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने किस ऑपरेशन कोड नाम के साथ एक विशेष अभियान शुरू किया है_____**नंबर प्लेट।**

नोट:

- यह रेलवे परिसर, परिचालित क्षेत्र, पार्किंग और यहां तक कि 'नो पार्किंग' क्षेत्र में लंबी अवधि से खड़े वाहनों की पहचान और सत्यापन के लिए शुरू किया गया है।
- अज्ञात वाहनों को यात्रियों और रेलवे के अन्य हितधारकों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा माना जाता है।
- रेलवे स्टेशनों के अधिकृत पार्किंग स्थल में 05 दिनों से अधिक समय तक 3943 वाहन लावारिस पाए गए।अनधिकृत पार्किंग के लिए जुर्माने के रूप में 59000 रुपये का शुल्क वसूल किया गया है।

12. भारत का पहला अंतरिक्ष विज्ञान संग्रहालय कहां खोला गया_____ **हैदराबाद।**

नोट:

- यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और बी.एम. बिड़ला साइंस सेंटर के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है।
- बी.एम. बिड़ला साइंस सेंटर ने अपने विज्ञान संग्रहालय भवन में 9000 वर्ग फीट जगह दी है।
- यह संग्रहालय भारतीय प्रक्षेपण यानों GSLV मार्क III, GSLV मार्क II और PSLV, चंद्रयान -1, मार्स ऑर्बिटर स्पेसक्राफ्ट, APPLE, आर्यभट्ट, भास्कर, रोहिणी RS-1 और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) के मॉडल प्रदर्शित करेगा।

13. भारतीय नौसेना मार्च 2020 में विशाखापत्तनम में कौन सा बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास अयोजित करेगी___**MILAN (मिलन)।**

नोट:

- वर्ष 1995 में प्रारंभ हुई, द्विवार्षिक अभ्यासों की श्रृंखला 'मिलन' वर्ष 2018 तक अंडमान और निकोबार कमांड (ANC) में आयोजित की गई।
- पिछले साल के संस्करण को पहली बार पूर्वी नौसेना कमान (ENC) में मुख्य भूमि पर आयोजित किया गया था।

14. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री **हरदीप सिंह पुरी** ने ईटानगर में होलोंगी हवाई अड्डे के कब तक पूरा होने की घोषणा की _____ **31 मार्च, 2022।**

नोट:

- श्री पुरी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार के साथ एक वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश में नागरिक उड्डयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए घोषणा की।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष 9 फरवरी को ईटानगर के पास होलोंगी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण की आधारशिला रखी थी।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव **'आदि महोत्सव'** कहां आयोजित हुआ _____**लेह-लद्दाख।**

नोट:

- जनजातीय मामलों के मंत्रालय और भारतीय आदिवासी सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED) संयुक्त रूप से 9 दिवसीय आदि महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं।
- इस महोत्सव का विषय 'जनजातीय शिल्प, संस्कृति एवं वाणिज्य की भावना का उत्सव' है।
- 9 दिवसीय आदि महोत्सव देश की पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करेगा।

2. किस राज्य सरकार ने राज्य के प्रमुख कार्यक्रम 'राज्य स्वयंसेवी प्रणाली' (Village Volunteers System) की शुरुआत की _____**आंध्र प्रदेश।**

नोट:

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के दरवाजे पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध करना है
- यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री द्वारा विजयवाड़ा में स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर घोषित किया गया था।
- प्रत्येक स्वयंसेवक को प्रति माह 5,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

3. मणिपुर के मुख्यमंत्री **एन. बीरेन सिंह** ने राज्य के सरकारी स्कूलों की अवसंरचना में सुधार के लिए कौन सी योजना शुरू की_____ **स्कूल फगडाबा।**

नोट:

- 'स्कूल फगडाबा' योजना का उद्देश्य बेहतर अवसंरचना, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और सरकारी स्कूलों का समग्र सुधार सुनिश्चित करना है ताकि उन्हें मॉडल स्कूल बनाया जा सके।
- इस योजना के पहले चरण में, राज्य के 60 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक से एक स्कूल का चयन किया गया है।
- स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपकरण लगाए जाएंगे।

4. महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री **दिवाकर रावते** ने किनके लिए एक **ट्रैकिंग सिस्टम** की शुरुआत की _____**MSRTC बसों।**

नोट:

- वर्तमान में, यह MSRTC के प्रीमियम ब्रांड शिवनेरी बसों के लिए मुंबई-नासिक मार्ग पर उपलब्ध है।
- GPS मशीन, ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर लगाने और बस स्टॉप पर सूचना प्रदर्शित करने के लिए स्क्रीन लगाने सहित परियोजना की लागत 32 करोड़ रुपये है।
- यह प्रणाली परिवहन निगम को सेवाएं उपलब्ध कराने, यात्रियों को देरी के बारे में सूचित करने, और चालक को रास्ते में भीड़ के बारे में जानकारी प्रदान करने और विकल्प सुझाने में मदद करेगी।

5. ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान किस पहल की घोषणा की _____**मो सरकार।**

नोट:

- नई पहल 2 अक्टूबर से गांधी जयंती के अवसर पर शुरू होगी।

- नई पहल के अंतर्गत, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री आम नागरिकों से किसी सरकारी केंद्र में जाने पर मिलने वाली प्रतिक्रिया और सेवा के लिए उनकी प्रतिक्रिया मांगेंगे।
- यह कार्यक्रम, अपने पहले चरण में, सभी पुलिस स्टेशनों और जिला मुख्यालय, अस्पतालों के लिए लागू किया जाएगा और बाद में 5 मार्च, 2020 तक अन्य सभी विभागों में लागू किया जाएगा।

6. विश्व शिक्षा शिखर सम्मेलन -2019 में उच्च शिक्षा में अपनी उपलब्धियों के लिए "बेस्ट इनोवेशन एंड इनिशिएटिव लीडरशिप अवॉर्ड" किसने जीता___ **राजस्थान।**

नोट:

- उच्च शिक्षा राज्य मंत्री भंवर सिंह भाटी ने शिखर सम्मेलन में पुरस्कार प्राप्त किया।
- दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में आठ देशों और भारत के 17 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- इस वर्ष नवंबर में राजस्थान में तीसरा उच्च शिक्षा एवं मानव संसाधन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

7. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी के अनुसार, वेल्लोर जिले को किन नए जिलों में बांटा जाएगा _____**रानीपेट और तिरुपत्तूर।**

नोट:

- वेल्लोर इन दो नए जिलों का मुख्यालय होगा।
- मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि के.वी. कुप्पम मुख्यालय के रूप में एक नया तालुका बनाया जाएगा।
- दो और जिलों के निर्माण के साथ, तमिलनाडु में जिलों की कुल संख्या 37 हो गई है।

8. असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहां पर राज्य के पहले सी.एन.जी ईंधन स्टेशन का उद्घाटन किया_____ **डिब्रूगढ़।**

नोट:

- इस स्वच्छ और हरित ईंधन स्टेशन के उद्घाटन के साथ, यह पर्यावरण प्रदूषण को कम करेगा।
- श्री सोनोवाल ने राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने पर अधिक जोर दिया है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** किन देशों की तीन दिवसीय यात्रा पर गए थे_____**UAE, फ्रांस और बहरीन।**

2. **भारत-नेपाल संयुक्त आयोग** की 5वीं बैठक कहां आयोजित हुई_____**काठमांडू, नेपाल।**

नोट:

- **डॉ. एस. जयशंकर** (भारत के विदेश मंत्री) और **प्रदीप कुमार ग्यावली** (नेपाल के विदेश मंत्री) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे और अपने संबंधित प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करेंगे।
- संयुक्त आयोग की बैठक संपर्क एवं आर्थिक साझेदारी, व्यापार एवं पारगमन, ऊर्जा एवं जल संसाधन, संस्कृति, शिक्षा एवं आपसी हित के अन्य मामलों जैसे द्विपक्षीय संबंधों की समग्र स्थिति तथा सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की समीक्षा करेगी।
- भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना जून, 1987 में हुई थी।

3. चाड के राष्ट्रपति जिन्होंने हिंसा के बाद दो पूर्वी प्रांतों में आपातकाल की घोषणा की _____ **इदरीस डेबी।**

नोट:

- सिला और औद्दई क्षेत्रों में तीन महीने तक आपातकाल लागू रहेगा।
- चाड गणराज्य उत्तर-मध्य अफ्रीका में एक स्थल रुद्ध देश है।

- यह उत्तर में लीबिया, पूर्व में सूडान, दक्षिण में मध्य अफ्रीकी गणराज्य, दक्षिण पश्चिम में कैमरून एवं नाइजीरिया और पश्चिम में नाइजर से घिरा है।

4. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जाम्बिया के राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की, जाम्बिया के राष्ट्रपति हैं____ **एडगर लुंगू।**

नोट:

- वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- राष्ट्रपति लुंगू की यात्रा, जाम्बिया के साथ भारत की परस्पर लाभप्रद साझेदारी को अधिक सक्रिय बनाने का अवसर प्रदान करेगी।
- जाम्बिया गणराज्य (दक्षिणी अफ्रीकी देश) कई उद्यानों और सफारी क्षेत्रों के साथ ऊंचे-नीचे इलाकों और विविध वन्य जीवन वाला एक स्थलरुद्ध देश है।

5. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनके भूटानी समकक्ष डॉ. लोतेय त्शेरिंग ने संयुक्त रूप से कहां पर 720 मेगावाट के मांगदीचू जलविद्युत संयंत्र का उद्घाटन किया___**थिंपू।**

नोट:

- यह भूटान में भारत द्वारा निर्मित चौथा संयंत्र है।
- उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा विकसित दक्षिण एशियाई उपग्रह के ग्राउंड अर्थ स्टेशन का भी उद्घाटन किया।
- भारत और भूटान ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित और न्यायिक क्षेत्रों में 10 समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. **IIT मद्रास** के शोधकर्ताओं ने औद्योगिक और कार्यक्षेत्र अनुप्रयोग वाला एक मल्टी-मॉडल रोबोट विकसित किया है जिसका नाम रखा गया है_____**ग्रैस्पमैन।**

नोट:

- इस रोबोट के विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोग हैं और इसका उपयोग खोज एवं बचाव कार्यों में किया जा सकता है।
- ग्रैस्पमैन में ग्रैस्पर्स (पंजे नुमा आकृति) युग्म लगे होते हैं, जो रूपात्मक अनुकूलन प्रदान करती है, जिससे यह वस्तु को पकड़ने के अनुकूल ज्यामिति के अनुरूप बनता है।
- यह ग्रैस्पर्स को वस्तुओं को सुरक्षित रूप से पकड़ने और मनुष्य के हाथ की तरह इसे कुशलता पूर्वक उपयोग करने योग्य बनाता है।

2. भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर जिन्हें स्वतंत्रता दिवस पर वीर चक्र से सम्मानित किया गया__ **अभिनंदन वर्थमान।**

नोट:

- अभिनंदन वर्थमान ने पाकिस्तान वायु सेना के F-16 जेट को मार गिराया था।
- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने सशस्त्र बल सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के जवानों के लिए 132 पुरस्कारों की मंजूरी दी।
- पुरस्कारों में दो कीर्ति चक्र, एक वीर चक्र, 14 शौर्य चक्र, आठ बार टू सेना मेडल (वीरता), 90 सेना मेडल (वीरता), पांच नौ सेना मेडल (वीरता), सात वायु सेना मेडल (वीरता), पांच युद्ध सेवा मेडल शामिल हैं।

3. कीर्ति चक्र किस सैनिक को प्रदान किया जाएगा_____ **प्रकाश जाधव (मरणोपरांत)।**

नोट:

- प्रकाश जाधव वर्ष 2018 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।
- यह शांतिकाल के दौरान प्रदान किया जाने वाला तीसरा सर्वोच्च सैन्य सम्मान है।
- भारतीय सेना के सिपाही जाधव, कुलगाम जिले में गोली लगने के कारण शहीद हो गए थे।

4. तमिलनाडु सरकार के **डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुरस्कार** से किन्हें सम्मानित किया गया ___ **के. सिवन।**

नोट:

- वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष हैं।
- उनके नेतृत्व में, इसरो ने अपना चंद्रयान -2 मिशन शुरू किया।
- कन्याकुमारी जिले के मूल निवासी, श्री सिवन को 'रॉकेट मैन' के नाम से जाना जाता है।

5. राष्ट्रपति ने किस वर्ष के महर्षि बद्रायण व्यास सम्मान प्रदान किए _____**वर्ष 2019।**

नोट:

- **संस्कृत:** (1) डॉ. अशोक थपलियाल; (2) प्रोफेसर सुजाता त्रिपाठी; (3) डॉ. संजू मिश्रा; (4) डॉ. अभिजीत हनमंत जोशी; (5) डॉ. शरचचंद्र द्विवेदी
- **पाली:** सुश्री अनोमा श्रीराम शाखरे
- **प्राकृत:** श्री आशीष कुमार जैन
- **अरबी:** डॉ. फौजान अहमद
- **फारसी:** एम. शहबाज़ आलम
- **शास्त्रीय कन्नड़:** (1) श्री जी.बी. हरीश; (2) श्री एस. कार्तिक; (3) डॉ. एम. बयारप्पा
- **शास्त्रीय तेलुगु:** (1) डॉ. अद्दानकी श्रीनिवास (2) डॉ. वी. त्रिवेणी; (3) डॉ. डी.के. प्रभाकर
- **शास्त्रीय मलयालम:** (1) डॉ. राजीव आर.आर; (२) श्री संतोष थोट्टिंगल
- **शास्त्रीय उड़िया:** डॉ. सुब्रत कुमार प्रुस्ते

6. वर्ष 2019 के लिए जे.सी. बोस फेलोशिप से किन्हें सम्मानित किया गया_____**डॉ. के. थंगराज।**

नोट:

- थंगराज को यह फैलोशिप जनसंख्या एवं चिकित्सा जीनोमिक्स के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दी गई।
- जे.सी. बोस फैलोशिप विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड द्वारा वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान की जाती है।

7. दृष्टि बाधित लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में टचविज़न के योगदान के लिए श्रेणी 'B' (कार्यशील पेशेवरों के लिए) के तहत किन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया _____**सुश्री अंकिता गुलाटी।**

नोट:

- सुश्री गुलाटी को यह पुरस्कार एक मल्टीसेंसरी किट विकसित करने के लिए मिला, जो दृष्टिबाधित व्यक्ति के स्पर्श करने पर विषय-वस्तु का उभरे हुए चित्रों में वर्णन करती है।
- **टचविज़न** का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर 253 मिलियन दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए डिजिटल समावेशन उपलब्ध करना है।

8. किसने दो पुरस्कारों - नीलम शर्मा तेजस्विनी पुरस्कार और अच्युतानंद साहू पुरस्कार की शुरुआत करने की घोषणा की _____ **प्रसार भारती।**

नोट:

- यह पुरस्कार वरिष्ठ डीडी न्यूज एंकर नीलम शर्मा की स्मृति में लॉन्च किए जाएंगे, जिनका 17 अगस्त को निधन हो गया था।
- नीलम शर्मा को दूरदर्शन नेटवर्क पर दोस्तों, सहकर्मियों और परिचितों द्वारा प्यार और स्नेह के साथ याद किया गया, उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

खेल समाचार

1. **राष्ट्रमंडल खेल महासंघ** ने निशानेबाजी को किस खेल से बाहर करने का फैसला किया _____**2022 राष्ट्रमंडल, बर्मिंघम।**

नोट:

- इस संदर्भ में राष्ट्रमंडल खेलों के प्रमुख लुईस मार्टिन ने कहा कि निशानेबाजी बर्मिंघम में 2022 संस्करण का हिस्सा नहीं होगी।
- निशानेबाजी भारत के लिए सर्वाधिक पदक दिलाने वाली प्रतिस्पर्धा रही है, जिसमें निशानेबाजों ने पिछले वर्ष के गोल्ड कोस्ट खेलों में देश के 66 पदकों में से सात स्वर्ण सहित 16 पदक जीते थे।

2. एस्टोनिया के तालिन में आयोजित **जूनियर विश्व चैंपियनशिप** में स्वर्ण पदक किसने जीता _____**दीपक पुनिया।**

नोट:

- दीपक ने रूस के एलिक सेबुजूकोव को हराकर 86 किग्रा जूनियर फ्रीस्टाइल खिताब जीता इससे पूर्व वर्ष 2018 में उन्होंने इसी श्रेणी में रजत हासिल किया था।
- दूसरी ओर, विक्की चाहर ने 92 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के बैटमग्नाई इन्नख्तुवशिन को हराकर कांस्य पदक जीता।
- दीपक और चाहर दोनों ने जॉर्जिया के तिब्लिसी में आयोजित 2016 कैडेट विश्व चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य जीता था।

3. तुर्की के इस्तांबुल में चेल्सी को 5-4 से हराकर **UEFA सुपर कप** किसने जीता _____**लिवरपूल।**

नोट:

- अतिरिक्त समय के बाद मैच 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। पेनल्टी शूटआउट में लिवरपूल ने चेल्सी को 5-4 से हराया।
- इस प्रतियोगिता में लिवरपूल की यह चौथी जीत थी।
- UEFA सुपर कप एक वार्षिक सुपर कप फुटबॉल मैच है जिसका आयोजन UEFA द्वारा किया जाता है और इसमें दो मुख्य यूरोपीय क्लब प्रतियोगिताओं, UEFA चैंपियंस लीग और UEFA यूरोपा लीग के चैंपियन में मुकाबला होता है।

4. भारतीय धावक जिन्होंने चेक गणराज्य में **एथलेटिकी मिटिंक रीटर प्रतियोगिता** में 300 मीटर दौड़ में एक-एक स्वर्ण पदक जीता_____ **हिमा दास और मोहम्मद अनस।**

नोट:

- हिमा ने महिलाओं की श्रेणी में स्वर्ण जीता और मोहम्मद अनस ने पुरुषों की श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।
- यह वर्ष 2019 में पिछले महीने से यूरोपीय दौड़ में हिमा का छठा स्वर्ण पदक था।
- मोहम्मद अनस ने 32.41 सेकंड के समय में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत के निर्मल टॉम ने उसी प्रतिस्पर्धा में 33.03 सेकंड के समय में कांस्य पदक जीता।

5. ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ी जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहले **मस्तिष्काघात स्थानापन्न खिलाड़ी** (concussion substitution player) बने _____ **मार्नस लाबुशेन।**

नोट:

- एक मस्तिष्काघात स्थानापन्न क्रिकेट खिलाड़ी वह खिलाड़ी है जो एक ऐसे खिलाड़ी की जगह लेता है जिसे शेष मैचे के लिए प्रतिस्थापित किया जाता है।
- एशेज सीरीज 2019 में, लाबुशेन ने लॉर्ड्स टेस्ट के अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम में स्टीव स्मिथ की जगह ली।
- एक मस्तिष्काघात स्थानापन्न अनुरोध ICC द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ICC मैच रेफरी को भेजी गई सूचना होती है।

6. कजाकिस्तान में आयोजित **अंडर -12 एशियाई टेनिस टीम चैंपियनशिप** में स्वर्ण पदक किसने जीता____**भारत।**

नोट:

- भारत ने अंतिम मुकाबले में चीनी ताइपे को (2-1) से हराकर खिताब जीता।
- फाइनल में दो एकल और एक युगल सहित कुल तीन मैच हुए थे।
- युगल मुकाबला हारने के दौरान भारत ने दोनों एकल मैच (मानस और रेथिन) जीते
- भारतीय टीम में मानस धाम्मे (12 वर्षीय), अर्नव पपराकर और तमिलनाडु के प्रणव रेथिन शामिल थे।

7. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कोच जिन्हें दो वर्ष के लिए बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का प्रमुख कोच नियुक्त किया गया_____ **रसेल डोमिंगो।**

नोट:

- वे स्टीव रोड्स की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल इस वर्ष 10 देशों के विश्व कप में बांग्लादेश के 8वें स्थान पर रहने के बाद समय से पहले समाप्त कर दिया गया था।
- रसेल डोमिंगो ने वर्ष 2012 में दक्षिण अफ्रीका की T-20 टीम के प्रमुख कोच के रूप में कार्य किया है।
- उन्होंने बाद में वर्ष 2013 में टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के कोच के रूप में गैरी कर्स्टन की जगह ली।

8. चीन के चेंगदू में आयोजित **2019 वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स (WPFG)** में टेनिस स्पर्धाओं के एकल और युगल दोनों खिताबों में स्वर्ण पदक हासिल किया _____ **आशीष कपूर।**

नोट:

- आशीष कपूर पंजाब सतर्कता ब्यूरो में सहायक महानिरीक्षक (AIG) हैं।
- WPFG हर दो वर्ष में आयोजित होने वाली एक द्विवार्षिक प्रतियोगिता है जिसमें दुनिया भर के पुलिस एवं अग्निशामक विभागों के अधिकारी विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते हैं।
- वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स (WPFG) एक द्विवार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता है, जो दुनिया भर में कार्यरत और सेवानिवृत्त कानून प्रवर्तन और अग्निशमन सेवा कर्मियों के लिए आायोजित होती है।

9. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जिन्हें खेल के नियमों के संरक्षक, मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) का मानद आजीवन सदस्य चुना गया_____ **मिशेल जॉनसन।**

नोट:

- जॉनसन ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 153 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 239 विकेट, 73 अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैचों में 313 विकेट और 30 T-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 38 विकेट लिए हैं।
- जॉनसन ने वर्ष 2005 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना एकदिवसीय क्रिकेट पदार्पण किया और एक दशक बाद वर्ष 2015 में सन्यास की घोषणा की।

10. अमेरिका के **कैटलीना चैनल** को पार करने वाले पहले एशियाई तैराक __ **दिव्यांग सतेंद्र सिंह लोहिया।**

नोट:

- इंग्लिश और कैटलीना दोनों चैनलों को पार करने एशियाई रिकॉर्ड सतेंद्र के नाम है।
- ग्वालियर में जन्मे सतेंद्र ने पांच टीम साथियों के साथ भारतीय पैरा रिले टीम का नेतृत्व किया और कैटलीना चैनल को 11 घंटे 34 मिनट में पार किया।
- भारतीय पैरा रिले टीम ने सेंट कैटलीना द्वीप से अपराह्न 10.57 बजे 42 किमी की तैराकी शुरू की और लॉस एंजिल्स में पूर्वाह्न 10.30 बजे तैराकी पूरी की।

11. 5वीं अंतर्राष्ट्रीय सेना स्काउट मास्टर्स प्रतियोगिता किसने जीती____ **भारतीय सेना।**

नोट:

- यह खेल भारतीय सेना की दक्षिणी कमान के संरक्षण में राजस्थान के जैसलमेर स्थित सैन्य स्टेशन में आयोजित किए गए थे।
- प्रतियोगिता में भारत, रूस, चीन, कजाकिस्तान, सूडान, उज्बेकिस्तान, आर्मेनिया और बेलारूस की कुल आठ टीमों ने भाग लिया।
- यह पहली बार था जब भारतीय सेना ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

12. इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की किस फ्रेंचाइजी ने ब्रेंडन मैकुलम को अपने नए मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया ___ **कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR)।**

नोट:

- न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज मैकुलम KKR के साथ वर्ष खिलाड़ी के रूप में 2008 से 2010 तक पहले और फिर 2012-13 तक बाद में करीबी रूप में जुड़े रहे।
- वह वर्ष 2012 में IPL चैंपियनशिप टीम का हिस्सा थे।
- KKR की टीम, IPL के गत संस्करण में पांचवें स्थान पर रही थी।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. पूंजी बाजार नियामक सेबी किसके लिए अपने **मानदंडों को आसान बनाने** की योजना बना रहा है_____**मुनि बांड।**

नोट:

- यह स्मार्ट शहरों और शहरी नियोजन एवं नगर पालिका जैसे शहरी विकास कार्य क्षेत्रों में काम करने वाली अन्य पंजीकृत संस्थाओं को बीमा के माध्यम से धन जुटाने तथा उनकी ऋण प्रतिभूतियों के सूचीकरण में मदद करेगा।
- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने लगभग पांच वर्ष पहले नगरपालिका ऋण प्रतिभूतियों की सूचीबद्धता एवं निर्गम (ILDM) विनियम जारी किए थे।
- नियामक अब केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी 'स्मार्ट सिटीज मिशन' के तहत स्थापित विशेष प्रयोजन वाहनों सहित बड़ी संख्या में संस्थाओं के लिए इसकी अनुमति देने का प्रस्ताव कर रहा है।

2. पाकिस्तान की व्यापार **प्रतिस्पर्धा और निर्यात में सहायता** के लिए नकदी प्रभावित पाकिस्तान के साथ **500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते** पर किसने हस्ताक्षर किए____ **एशियाई विकास बैंक (ADB)।**

नोट:

- मनीला स्थित ADB ने देश में योजना की तैयारी और कार्यान्वयन के समर्थन के लिए 750,000 अमेरिकी डॉलर के तकनीकी सहायता पैकेज को भी मंजूरी दी।

- समझौते पर पाकिस्तान के आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव नूर अहमद और ADB के राष्ट्र निदेशक ज़ियाहॉन्ग यांग द्वारा आर्थिक मामलों के मंत्री मुहम्मद हम्माद अजहर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

3. भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देश का **विदेशी मुद्रा भंडार** किस उच्चतम स्तर पर पहुंच गया ___**430.572 बिलियन अमेरिकी डॉलर।**

नोट:

- डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में भंडार में रखी गई यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में वृद्धि/मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल है।
- देश का स्वर्ण भंडार 1.591 बिलियन डॉलर बढ़कर 26.754 बिलियन डॉलर हो गया।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ विशेष आहरण अधिकार 6.7 मिलियन डॉलर बढ़कर 1.441 बिलियन डॉलर हो गया।
- कोष के साथ देश का भंडार 7 मिलियन डॉलर बढ़कर 3.636 बिलियन डॉलर हो गया।

4. भारतीय राइड-हेलिंग कंपनी ओला ने बेंगलुरु से किस आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस स्टार्ट-अप का अधिग्रहण किया___ **Pikup.ai।**

नोट:

- समझौते के रूप में, ओला अधिग्रहण के बाद **Pikup.ai** की टीम को काम पर रखेगा।
- **Pikup.ai** इंद्रर सिंह और रित्विक सेकिया द्वारा सह-स्थापित है।
- यह स्टार्ट-अप व्यवसायों के लिए निर्बाध AI-संचालित समाधान प्रदान करने के लिए आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस, कंप्यूटर विजन और सेंसर फ्यूजन जैसी स्वायत्त प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है।

5. बैंकों से हर महीने "नि:शुल्क ATM लेनदेन" में तकनीकी कारणों से विफल ATM लेनदेन की गणना न करने के लिए किसने कहा __ **भारतीय रिजर्व बैंक।**

नोट:

- शेष धनराशि पूछताछ या चेकबुक अनुरोधों को हर महीने ग्राहकों के लिए उपलब्ध नि:शुल्क लेनदेन में नहीं शामिल होना चाहिए।
- बैंक अपने ग्राहकों को ATM पर निश्चित संख्या में नि:शुल्क लेनदेन प्रदान करते हैं और इसके बाद शुल्क वसूलते हैं।
- RBI ने स्पष्ट किया कि जो लेनदेन तकनीकी कारणों, नकदी की अनुपलब्धता, और बैंक के कारण किसी अन्य कारण से विफल होते हैं, उन्हें ग्राहक के लिए वैध ATM लेनदेन के रूप में नहीं गिना जाना चाहिए।

6. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में कम होकर कितनी हुई____ **3.15%।**

नोट:

- जून 2019 में खुदरा महंगाई दर 3.18 प्रतिशत थी, जबकि यह एक वर्ष पहले की अवधि में 4.17 प्रतिशत थी।
- वर्तमान में, खुदरा मुद्रास्फीति RBI की सुविधा स्तर से काफी नीचे है।
- सरकार ने केंद्रीय बैंक से मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत के दायरे में रखने को कहा है।

7. ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड बैंकिंग समूह (ANZ) ने अगले वर्ष मार्च में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए अपने पूर्वानुमान को कम करके कितना किया____ **6.2%।**

नोट:

- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि का बैंक का पूर्वानुमान अब अन्य बैंकों की अपेक्षकृत काफी कम है।

- पूर्वानुमानों ने अर्थव्यवस्था को 8% से अधिक दरों पर ले जाने के सरकार के दीर्घकालिक लक्ष्य को बुरी तरह से प्रभावित किया है।
- घरेलू और वैश्विक मांग में कमी और निजी निवेश में अल्प वृद्धि के फलस्वरूप जनवरी-मार्च में भारत की तिमाही GDP वृद्धि पांच वर्ष के न्यूनतम स्तर 5.8% पर पहुंच गई।

श्रद्धांजलियां

1. भारत और तमिलनाडु के पूर्व सलामी बल्लेबाज जिनका निधन हो गया ___**वी.बी. चंद्रशेखर।**

नोट:

- वे फ्रैंचाइजी के पहले तीन वर्षों में चेन्नई सुपर किंग्स के क्रिकेट प्रबंधक थे और प्रतिष्ठित एम.एस. धोनी को सी.एस.के. में लाने में सहायक थे।
- वह वर्ष 2004 से 2006 तक राष्ट्रीय चयनकर्ता थे।

2. अनुभवी बॉलीवुड अभिनेत्री जिनका फेफड़ों और दिल की बीमारी के बाद निधन हो गया ___**विद्या सिन्हा।**

नोट:

- वह बासु चटर्जी की फिल्म 'रजनीगंधा' (1974) में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध थीं। इस फिल्म ने सिन्हा को तत्काल प्रसिद्धि दिलाई।
- उनकी अन्य उल्लेखनीय फिल्में: 'हवस' (1974), 'छोटी सी बात' (1975), 'मेरा जीवन' (1976), क्राइम थ्रिलर 'इंकार', 'किताब' (दोनों 1977), 'पति, पत्नी और वो' और बासु चटर्जी की 'सफेद झूठ' (दोनों 1978), एक डरावनी फिल्म 'सबूत' (1980), 'लव स्टोरी' और 'जोश' (1981 दोनों) और सलमान खान की हिट फिल्म 'बॉडीगार्ड' (2011) के लिए जाना जाता है।

3. प्रसिद्ध बांग्लादेशी उपन्यासकार और एकुशी पदक विजेता लेखिका जिनका ढाका में निधन हो गया ___ **रिज़िया रहमान।**

नोट:

- उन्होंने लघु कथाओं, कविताओं, निबंधों और बाल उपन्यास सहित सभी रचनात्मक शैलियों में लेखन कार्य किया लेकिन वह अपने उपन्यासों के लिए प्रसिद्ध थीं।
- बोंग थेके बंगला, रोक्तेर ओक्षोर और घर-भंगा-घर उनके कुछ प्रसिद्ध उपन्यास हैं।
- उनका जन्म वर्ष 1939 में कोलकाता में हुआ था और वह विभाजन के बाद पूर्वी बंगाल चली गईं।
- उन्हें वर्ष 1978 में बांग्ला अकादमी साहित्यिक पुरस्कार मिला और उन्हें इस वर्ष एकुशी पदक से सम्मानित किया गया।

4. प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं पद्म श्री पुरस्कार विजेता जिनका छत्तीसगढ़ के एक अस्पताल में निधन हो गया___ **दामोदर गणेश बापट।**

नोट:

- उन्होंने कुष्ठ रोगियों के उपचार एवं सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया।
- दामोदर गणेश बापट ने छत्तीसगढ़ के ग्राम सोठी (चम्पा से 8 किलोमीटर दूर) में भारतीय कुष्ठ निवारण संघ द्वारा संचालित एक आश्रम में कुष्ठ रोगियों की सेवा की।
- समाज के प्रति उनकी सेवा के लिए वर्ष 2018 में उन्हें पद्म श्री (चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से सम्मानित किया गया।

5. दूरदर्शन की एंकर और नारी शक्ति पुरस्कार विजेता जिनका कैंसर के कारण निधन हो गया _____ **नीलम शर्मा।**

नोट:

- नीलम शर्मा को **'तेजस्विनी'** और **'बड़ी चर्चा'** जैसे कार्यक्रमों के लिए जाना जाता था।
- अपने कार्यक्रम तेजस्विनी के माध्यम से, नीलम ने भारत की सफल महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया।
- उन्हें वर्ष 2018 में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा **नारी शक्ति पुरस्कार** (भारत में महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से सम्मानित किया गया था।

6. अनुभवी कांग्रेसी नेता और बिहार के तीन बार के मुख्यमंत्री जिनका दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया___ **डॉ. जगन्नाथ मिश्रा।**

नोट:

- डॉ. मिश्रा वर्ष 1975, 1980 और 1989 में मुख्यमंत्री बने।
- राजनीति में आने से पहले, मिश्रा बिहार विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर थे।

7. अनुभवी संगीत निर्देशक-संगीतकार जिनका मुंबई के एक अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया_____ **मोहम्मद ज़हूर खय्याम हाशमी।**

नोट:

- उन्हें 'उमराव जान' और 'कभी कभी' जैसी फिल्मों में उनके संगीत के लिए जाना जाता था।
- 'कभी कभी' और 'उमराव जान' के अलावा, खय्याम की अन्य उल्लेखनीय रचनाओं में 'त्रिशूल', 'नूरी' और 'शोला और शबनम' जैसी फिल्में शामिल हैं।
- वर्ष 2007 में, खय्याम को संगीत नाटक अकादमी द्वारा रचनात्मक संगीत के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

8. तीन बार के ऑस्कर विजेता और तीन बार के बाफ्टा विजेता अनुभवी एनीमेशन निर्देशक जिनका निधन हो गया_____ **रिचर्ड विलियम्स।**

नोट:

- उन्होंने वर्ष 1958 में 'द लिटिल आइलैंड' के साथ शुरुआत की, जिसके लिए उन्हें बाफ्टा अवॉर्ड प्रदान किया गया।
- उन्होंने अपना पहला ऑस्कर वर्ष 1971 में चार्ल्स डिकेंस के एनिमेटेड रूपांतरण "ए क्रिसमस कैरोल" के लिए प्राप्त किया।
- विलियम्स को उनकी वर्ष 1988 की एनिमेटेड फिल्म "हू फ्रेम्ड रोजर रैबिट" के लिए जाना जाता है।
- "द रिटर्न ऑफ द पिंक पैंथर" और "द पिंक पैंथर स्ट्राइक्स अगेन" उनकी कुछ प्रसिद्ध फिल्में हैं।

9. प्रख्यात पंजाबी लेखक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता प्रोफेसर जिनका पंजाब के लुधियाना स्थित निज निवास पर निधन हो गया ___**निरंजन सिंह तस्नीम।**

नोट:

- तस्नीम को उनके उपन्यास 'गावचे अर्थ' (द लॉस्ट मीनिंग) के लिए वर्ष 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था जो वर्ष 1984 में पंजाब और पंजाबियों के जीवन पर आधारित था।
- उन्हें वर्ष 2015 में पंजाब के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'पंजाबी साहित्य रत्न' से भी सम्मानित किया गया था।
- तस्नीम ने लुधियाना के SCD गवर्नमेंट कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्य किया था।

10. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुभवी नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जिनका भोपाल में निधन हो गया___ **बाबूलाल गौर।**

नोट:

- श्री गौर ने अगस्त 2004 से नवंबर 2005 तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।
- वह वर्ष 2018 में चुनावी राजनीति से सन्यास लेने से पूर्व गोविंदपुरा (भोपाल) सीट से 10 विधानसभा चुनावों में निर्वाचित किए गए थे।

----------0----------